## खबर संक्षेप

### कार और ट्रैक्टर में टक्कर युवक की मौत, 4 घायल

**फतेहाबाद।** भट्टू क्षेत्र के गांव ढाबी कलां के समीप रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि कार व व ट्रैक्टर पर सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया ।

### आईटीआई राजौंद में 7 फीट का सांप मिला



**राजौंद।** राजकीय आईटीआई में सोमवार को सांप मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना स्नेक मैन सतीश फफड़ना को दी गई। सतीश ने 7 फुट लंबा सांप पकड़ा लिया।

## आज से मौसम में बदलाव के आसार, अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड

# उत्तरी-पश्चिमी हवाएं चलने से रात के तापमान में गिरावट के साथ बढ़ने लगी ठंडक

### सरसों की बुआई के लिए वेदर परफेक्ट, न्यूनतम तापमान में भी लगातार गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नवंबर का महीना आमतौर पर सुहावना रहता है। इस साल भी मौसम का रूख कुछ ऐसा ही रहने वाला है। वर्तमान में अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में सक्रिय मौसम प्रणालियां अपने अंतिम चरण में हैं जिनका असर धीरे-धीरे उत्तर भारत से समाप्त होता जा रहा है। वहीं हरियाणा-एनसीआर में पश्चिमी विक्षोभ के गुजर जाने से अब उत्तरी पश्चिमी हवाएं चलने लगी हैं जिससे रात्रि तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। बता दें कि अब उत्तरी हवाओं के चलते रातें ठंडी और सुहानी होंगी। ऐसे में आने वाले सप्ताह में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे गिरावट दर्ज की जाएगी। सोमवार को फतेहाबाद का अधिकतम तापमान 32 डिग्री वहीं न्यूनतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया है। यानि कि रात के मुकाबले दिन का तापमान डबल है। दिन में गर्मी और रात को ठंडक महसूस होने लगी है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि नवंबर के अंत तक सुबह और देर रात में ठंडक का असर बढ़ जाएगा। शहर के साथ-साथ जिलाभर में लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। 24 घंटे के दौरान फतेहाबाद में एक्यूआई में सुधार देखने को मिला है। मौसम विभाग के अनुसार 4 नवंबर तक मौसम में बदलाव रहने के आसार बन रहे हैं। हवाएं चलने से रात के तापमान में गिरावट आएगी।



**फतेहाबाद।** सुबह के समय शहर में छाया स्मॉग। फोटो : हरिभूमि

### माह के अंत तक सुबह और शाम को ठंडी हवाएं चलेंगी

वाहनों के बढ़ते धुएं और मौसम में ठहराव के कारण हवा में प्रदूषक कण तेजी से जमा हो रहे हैं। हवा की गति कम होने से यह धुंध स्मॉग के रूप में पूरे शहर में छा गई है। जब तक बारिश नहीं होती या तेज हवाएं नहीं चलती तब तक प्रदूषण का स्तर ऊंचा बना रहेगा। हालांकि बारिश होने या तेज हवाएं चलने पर ही प्रदूषण स्तर में गिरावट की उम्मीद है लेकिन तब तक लोगों को सावधानियां बरतने की जरूरत है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस महीने में अधिकतर दिनों में आसमान साफ और धूप खिली रहेगी। हालांकि सुबह और देर रात के समय हल्की धुंध या कोहरा छा सकता है। खासकर खुले और ग्रामीण इलाकों में दूसरे पखवाड़े में नमी बढने और तापमान में गिरावट के कारण दृश्यता में थोड़ी कमी आ सकती है। इस माह में बारिश आने की संभावना कम ही है वहीं कड़ाके की सर्दी के भी आसार कम हैं।

### बहादुरगढ़: एक्यूआई 313 से घटकर 202 पर पहुंचा

**बहादुरगढ़।** सोमवार को बहादुरगढ़ में वायु गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया। रविवार को जहां शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स 313 था, वहीं सोमवार को यह घटकर 202 पर पहुंच गया। झज्जर जिले में ग्रेडिड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के दूसरे चरण की पाबंदियां जारी हैं। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने ऐसे में आमजन से प्रदूषण नियंत्रण में भागीदार बनने का आह्वान किया है। बता दें कि हवा की गति बढ़ने और प्रदूषण नियंत्रण उपायों के असर से वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी से निकलकर खराब श्रेणी में आ गई। हालांकि दिल्ली सीमा पर वाहनों की जांच का अभियान सोमवार को भी जारी रहा। पुलिस और परिवहन विभाग की टीमों ने टीकरी बॉर्डर पर वाहनों की जांच की।

## चुनावी रंजिश: शादी में जा रहे रामकरण को उपमंडल अस्पताल के पास गाड़ी रुकवाकर वारदात

# गन्नौर नपा के पूर्व कार्यवाहक चेयरमैन ने की महिला पार्षद के ससुर की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर में सोमवार की देर शाम उस समय सनसनी फैल गई , जब पूर्व कोच व वार्ड 12 की पार्षद सोनिया के ससुर रामकरण को नपा के पूर्व कार्यवाहक चेयरमैन ने शास्त्री नगर में उपमंडल अस्पताल के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुरानी चुनावी रंजिश को इस हमले की वजह बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि यह वारदात उसे समय हुई जब पूर्व कोच रामकरण अपनी पत्नी व वार्ड 12 की परिषद सोनिया शर्मा पुत्र वधू के साथ गाड़ी में सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे तो जब वे जैन गली में अपने मकान से थोड़ी ही दूरी पर उपमंडल अस्पताल के सामने पहुंचे तो पहले से ही वहां मौजूद नगर पालिका के पूर्व कार्यवाहक सुनील उर्फ लंबू ने उनकी गाड़ी को रुकवाया और गाड़ी के अंदर बैठे कोच रामकरण पर गोलियां चला दी । सुनील लंबू ने अचानक उनकी गाड़ी पर कई राउंड फायर किए गए। गोली सीधे रामकरण के पेट और सीने के पास लगी,जब रामकरण के परिजनों ने शोर मचाया तो आसपास के लोगों की तरफ दौड़े और आरोपित पूर्व अध्यक्ष सुनील उर्फ लंबू मौके देखकर भाग गए ।

उसके बाद परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और उपचार के लिए गन्नौर के उपमंडल अस्पताल में लेकर गए जहां चिकित्सकों ने रामकरण की हालत को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया । घटना की सूचना मिलते ही गन्नौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची । पुलिस ने घटनास्थल से खाली कारतूस की तलाश शुरू की। रामकरण के परिजन उपचार के लिए उसे सोनीपत मुरथल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में लेकर गए। जहां प्राथमिक उपचार के दौरान रामकरण ने दम तोड़ दिया ।



### सुनील की पत्नी को हराकर जीती थी सोनिया

पुरानी राजनीतिक रंजिश से जुड़ा बताया जा रहा है। पिछले कार्यकाल में सुनील लंबू वार्ड-12 से पार्षद थे और नगर पालिका के वाइस चेयरमैन के पद पर भी रहे। इसके अलावा कई अवसरों पर नगर पालिका के कार्यवाहक चेयरमैन भी रहे। इस बार इसी वार्ड से चुनाव में सोनिया शर्मा ने उनकी पत्नी को हराकर जीत हासिल की थी। इसके बाद से ही दोनों पक्षों में राजनीतिक तनाव चल रहा था।

**सुनील ने डेढ़ घंटा पहले सोशल मीडिया पर मारने की धमकी दी थी** : वारदात से करीब डेढ़ घंटा पहले सुनील लंबू ने इंटरनेट मीडिया पर एक संदेश प्रसारित किया था, जिसमें उन्होंने लिखा कि उन्हें किसी ने जान से मारने की धमकी दी है। यह भी बताया जा रहा है कि आरोपित सुनील लंबू ने पुलिस को भी मृतक रामकरण के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दी थी । हालांकि, इस संदेश में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि धमकी किसने दी थी। पुलिस उस संदेश की भी जांच कर रही है ताकि वारदात से पहले की परिस्थितियों का खुलासा किया जा सके।

## मेट्रोमोनियल के नाम पर ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 4 धरे

# बेटे के लिए वधु तलाश रहे जज से दो बार में 7,000 रुपये ठग लिए

### लोगों को मीठी आवाज में बात करके फंसाते हैं आरोपी, 90 फोन बरामद

- इंदौर में खोला काल सेंटर नए-नए सिम प्रयोग करके की जाती थी कॉल
- चारों आरोपित 30-35 साल के बीच आयु के



**जींद।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साइबर थाना पुलिस ने मेटरीमोनियल के नाम पर लोगों को ठगने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इंदौर निवासी कुछ लोगों ने फर्जी काल सेंटर खोल कर लोगों को शादी के नाम पर ठगना शुरू कर दिया। पुलिस जांच में इनके पास से 90 मोबाइल फोन मिले हैं। यह आरोपित प्रतिदिन सिम बदलते थे। इनके पास तीन महिलाएं 30 से 30 साल के बीच की आयु की हैं। ऐसे में मीठी आवाज से लोग जल्द इनके जाल में फंस जाते थे। पुलिस पूछताछ में आरोपितों की पहचान इंदौर निवासी रितु नामदेव, प्रमिला रोकड़े, प्रिया रोकड़े, सूरज धार्मिक शामिल हैं। इनके अलावा इनका एक और मास्टर माइंड है जो अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है। जल्द ही पुलिस आरोपितों को इंदौर ले जाकर भी पूछताछ करेगी। इस गिरोह में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। इनकी आयु 30 से 35 साल के बीच है। ऐसे में यह महिलाएं खुद को शादी के लायक लड़की बता कर बात करती थी। इनमें से एक महिला इनकी मां बन कर बात करती थी। ग्राहक को फंसाने के लिए मां अपनी बेटियों से बात करवाती थी। इसके बाद फोन काल करने वाले को आसानी से विश्वास हो जाता था। विश्वास पक्का हो जाता तो यह रजिस्ट्रेशन के नाम से 3500 रुपये की फीस वसूल करते थे।

### यह है मामला

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर सिंह ने 16 फरवरी को साइबर थाना में शिकायत दी थी। वह बेटे के लिए वधु की तलाश कर रहे थे। 10 फरवरी को उनके पास अज्ञात नंबर से काल आई थी। इसके बाद अलग-अलग नंबरों से काल आई। आरोपितों ने मेटरोमोनियल साइट की फीस के नाम पर दो बार 3500-3500 रुपये ठग लिए। फोन करने वाली एक महिला ने खुद को लड़की की मां बन कर बात की।


गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
सत्यमेव जयते
Indian Cyber Crime Coordination Centre
सहवीर्यं करवावहै • Working Together With Vigour

आइये ऑनलाइन दुनिया को सुरक्षित और ज़िम्मेदार बनाएं।

डिजिटल अरेस्ट
नकली पुलिस या अधिकारी बनकर डराते हैं और पैसे मांगते हैं
- ऐसी कॉल या वीडियो कॉल तुरंत काट दें।
- संदिग्ध व्यक्ति की रिपोर्ट www.cybercrime.gov.in पर करें।

इन्वेस्टमेंट स्कैम
High return "फ़र्ज़ी" website/app के जरिए लोगो के पैसे लूटना
- सिर्फ SEBI-मान्य ऐप/प्लेटफ़ॉर्म ही इस्तेमाल करें।
- किसी भी अनजाने सोशल मीडिया विज्ञापन या ग्रुप पर बिना सोचे-समझे भरोसा न करें।

पार्ट-टाइम जॉब स्कैम
या विदेशों मे नौकरी का झांसा देकर साइबर अपराध करवाना
- सोशल मीडिया ग्रुप या ऑनलाइन विज्ञापन से आने वाले "घर बैठे कमाई" वाले ऑफर से सावधान रहें।
- केवल विदेश मंत्रालय से मान्यता प्राप्त एजेंट्स के माध्यम से ही यात्रा करें।

इंस्टेंट लोन स्कैम
झटपट लोन का झांसा देकर डेटा चुरा कर ब्लैकमेल करते हैं
- केवल RBI/NBFC verified apps इंस्टॉल करें।
- अपनी व्यक्तिगत जानकारी या बैंक डिटेल्स कभी साझा न करें।

अनजाने लिंक या मोबाइल ऐप
किसी भी अनजान लिंक या ऐप पर क्लिक न करें, खासकर सोशल-मीडिया विज्ञापन या WhatsApp/Telegram ग्रुप्स से आए लिंक पर। ऐसे लिंक आपके फोन को हैक कर सकते हैं और अकाउंट से पैसा निकाल सकते हैं।

OTP की चोरी
किसी भी जाने या अनजाने व्यक्ति से फोन कॉल, मैसेज या WhatsApp इत्यादि पर बिना सोचे OTP कभी शेयर ना करें, ऐसा करने से आपका बैंक अकाउंट या डिजिटल वॉलेट खाली हो सकता है।

डिजिटल सुरक्षा का मंत्र रुको। सोचो। फिर एक्शन लो

किसी भी साइबर अपराध की रिपोर्ट www.cybercrime.gov.in पर करें। या तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

CYBER DOST
साइबर अपराध से जुड़े अपडेट्स के लिए सोशल मीडिया पर फॉलो करें @CYBERDOST
Scan to follow
CYBERDOSTI4C
Scan to subscribe
CBC 19149/13/0002/2526

